भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2386

16 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वास्थ्य केन्द्र

2386. श्री विजय बघेल:
श्री अरुण साव:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) छत्तीसगढ़ में भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) द्वारा संचालित किए जा रहे स्वास्थ्य केन्द्रों का स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा बीएसपी के सेक्टर-9 अस्पताल को राष्ट्रीय स्तर का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाने हेतु विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कोई प्रयास किए जा रहे हैं;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या बीएसपी अपने कर्मचारियों को इलाज के लिए हैदराबाद के अपोलो अस्पताल रेफर कर देता है; और

(ङ) यदि हाँ, तो पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष में से प्रत्येक वर्ष के दौरान बीएसपी प्रबंधन द्वारा अपोलो अस्पताल को अब तक कुल कितनी धनराशि का भुगतान किया गया है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क): छत्तीसगढ़ में भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) द्वारा संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों का स्थान-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**स्वास्थ्य केन्द्र**	**स्थान**
1.	भिलाई अस्पताल	सेक्टर 1 भिलाई
2.	राजहरा अस्पताल	राजहरा खदानें
3.	नंदिनी	नंदिनी खदानें

4.	हिर्री	हिर्री खदानें
5.	स्वास्थ्य केन्द्र - VII	सेक्टर VII, भिलाई
6.	स्वास्थ्य केन्द्र - रिसाली	रिसाली क्षेत्र, भिलाई
7.	स्वास्थ्य केन्द्र - खुर्शीपुर	खुर्शीपुर, भिलाई
8.	मुख्य चिकित्सा पोस्ट-I	संयंत्र क्षेत्र, भिलाई
9.	मुख्य चिकित्सा पोस्ट-II (राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केन्द्र)	संयंत्र क्षेत्र, भिलाई
10.	दंडकवन औषधालय	रावघाट खदानें
11.	भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय (सीएसआर के तहत)	सेक्टर-VI, भिलाई
12.	आरोग्य निकेतन (सीएसआर के तहत)	स्मृतिनगर, भिलाई

(ख) और (ग): वर्तमान में, केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजना के तहत बीएसपी के सेक्टर-9 अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों को नियुक्त करके और चिकित्सीय सुविधाओं को बढ़ाकर उसे राष्ट्रीय स्तर का सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ): जी, हाँ।

(ङ): विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान बीएसपी द्वारा अपोलो अस्पताल को भुगतान की गई कुल धनराशि निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22 (दिनांक 1 मार्च, 2022 तक)**	**कुल**
धनराशि (रु.)	शून्य	61,016	शून्य	7,32,380	7,93,396

****